भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2296

जिसका उत्तर शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026/9 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है।

रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड

2296. श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास रामागुंडम, तेलंगाना स्थित रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) संयंत्र के विस्तार का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उक्त संयंत्र में उत्पादित उर्वरकों का कोई विशेष आवंटन तेलंगाना राज्य के लिए किया जा रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) तेलंगाना के किसानों के लिए आरएफसीएल से उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): वर्तमान में, रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) का ऐसा कोई प्रस्ताव उर्वरक विभाग में विचाराधीन नहीं है।

(ख) और (ग): तेलंगाना राज्य सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में उर्वरकों की समय पर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा हर मौसम में निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं:

I. प्रत्येक फसल मौसम के शुरू होने से पहले, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएण्डएफडब्ल्यू), सभी राज्य सरकारों के परामर्श से, उर्वरकों की राज्य-वार और माह-वार आवश्यकता का आकलन करता है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आकलित आवश्यकता के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को उर्वरकों का पर्याप्त मात्रा में आवंटन करता है और उपलब्धता की लगातार निगरानी करता है।

II. देश भर में सब्सिडी प्राप्त सभी प्रमुख उर्वरकों के संचलन की निगरानी एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) नामक एक ऑनलाइन वेब आधारित निगरानी प्रणाली द्वारा की जाती है।

III. राज्य सरकारों को नियमित रूप से सलाह दी जाती है कि वे समय पर मांगपत्र जारी करके आपूर्तियों को सुव्यवस्थित करने के लिए उत्पादकों और आयातकों के साथ समन्वय स्थापित करें।

IV. रेल मंत्रालय के साथ नियमित समन्वय बैठकें होती हैं ताकि रेल मंत्रालय राज्यों को पर्याप्त रैक दे, उर्वरकों को प्राथमिकता दे और रैकों की समय पर निकासी करवाए।

V. राज्य के भीतर जिला स्तर पर उर्वरकों का वितरण संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

इसके अलावा, एक कुशल और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, अन्य सभी स्वदेशी उत्पादन संयंत्रों की तरह आरएफसीएल द्वारा उत्पादित यूरिया, राष्ट्रीय स्तर पर एकत्रित किया जाता है और देश भर में समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को उनकी आकलित आवश्यकताओं के आधार पर आवंटित किया जाता है।

तदनुसार, चल रहे खरीफ मौसम 2026 (01.04.2026 से 26.07.2026 तक) के दौरान तेलंगाना राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है। उक्त अवधि के दौरान राज्य में उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और अंतिम स्टॉक के बारे में सूचना **अनुलग्नक** में दी गई है।

******

अनुलग्नक

यह अनुलग्नक 31.07.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.2296 के उत्तर के भाग (ख) और (ग) से संबंधित है।

तेलंगाना					
चल रहे खरीफ मौसम 2026 (01.04.2026 से 26.07.26 तक) के दौरान उर्वरकों की उपलब्धता					
					आंकड़े एलएमटी में
क्र.सं.	**उत्पाद**	**आवश्यकता**	**उपलब्धता**	**डीबीटी बिक्री**	**26.07.26 को अंतिम स्टॉक**
1	यूरिया	7.26	7.88	4.27	3.61
2	डीएपी	2.04	1.93	1.62	0.31
3	एमओपी	0.57	0.54	0.15	0.39
4	एनपीकेएस	7.18	7.68	4.49	3.18

1. सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता
2. सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री